jaivardhannews.com
जयवर्द्धन NEWS

दैनिक
# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

पेज 4 पर पढ़े - सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने देलवाड़ा में महिलाओं की सुनीं समस्याएं



वर्ष - 01 | अंक - 67 | राजसमंद - सोमवार, 28 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4

## पंचायती राज चुनावों को लेकर उदयपुर में संभागीय संगठनात्मक बैठकः सीएम शर्मा ने दिया जीत का मंत्र

**- बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान**

जयवर्द्धन न्यूज़




**राजसमंद।** आगामी पंचायती राज चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा की संभागीय संगठनात्मक बैठक उदयपुर स्थित रूपीज रिसोर्ट में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजसमंद सहित मेवाड़ संभाग के जिला पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। जिला मीडिया संयोजक अरविंदसिंह भाटी ने बताया कि बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजसमंद जगदीश पालीवाल के नेतृत्व में जिले के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-ढाणी तक पहुंचाने पर गहन मंथन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और एकजुटता ही पार्टी की असली शक्ति है। उन्होंने हाल ही में संपन्न नगर निकाय चुनावों में भाजपा को मिली शानदार सफलता के लिए चारों जिलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई दी और उसी ऊर्जा के साथ पंचायती राज चुनावों में जुटने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव केवल एक चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास और जनसेवा का सीधा माध्यम है। कार्यकर्ता गांव और ढाणी तक मजबूत उपस्थिति दर्ज कराकर आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखें और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष पालीवाल ने जिले की संगठनात्मक गतिविधियों और पंचायती राज चुनावों की तैयारियों की प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी। इस संभागीय बैठक में राजसमंद, उदयपुर शहर, उदयपुर देहात और चित्तौड़गढ़ के जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा राजसमंद जिला कार्यालय पर मन की बात के 138वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण

**- जिले के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं और आमजन ने सुना प्रधानमंत्री का संदेश**



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय एवं राष्ट्रप्रेरक कार्यक्रम मन की बात के 138वें एपिसोड का रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में सामूहिक श्रवण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई। इसके साथ ही भाजपा द्वारा जिले के प्रत्येक बूथ स्तर पर भी कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मीडिया संयोजक अरविंदसिंह भाटी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश की युवा शक्ति एवं जेन-जी की ऊर्जा, नवोन्मेष और प्रतिभा की सराहना करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने खेल जगत में भारतीय एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने सशक्त, समृद्ध व आत्मनिर्भर भारत, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा लोकल फॉर वोकल की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के पश्चात जिलाध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम देशवासियों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव की लहर लाने का एक अनुपम माध्यम है। इसमें देश के कोने-कोने से विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार व उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों की प्रेरक कहानियां सामने आती हैं, जो हर नागरिक को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राजसमंद का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के इस संदेश को बूथ स्तर तक आमजन तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। इस दौरान भाजपा नेता महेश पालीवाल, भानु पालीवाल, जवाहरलाल जाट, प्रकाश रांका, प्रकाश अहीर, ओम पारीक सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खेलकूद व्यक्तित्व विकास का आधारः माहेश्वरी

**- ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन**

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** जीवन में व्यक्तित्व विकास के लिए खेलकूद का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। खेलकूद के माध्यम से साहस, समरसता, एकता, संगठन और संघर्ष जैसे अनेक मानवीय गुणों का सहजता से विकास होता है। इसलिए बचपन से ही किसी न किसी खेल को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यह उद्गार विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। प्रतियोगिता का आयोजन राउप्रावि वार्ड नंबर 4 माणक चौक राजनगर की मेजबानी में किया जा रहा है। समारोह में विशिष्ट अतिथि नगर परिषद सभापति अनीता पालीवाल ने कहा कि खेल बालक के अंतर्निहित गुणों को सरलता से उभारता है और उसमें आत्मविश्वास जगाता है। उन्होंने सभी प्रतियोगियों से खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके बाद अतिथियों ने खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम अध्यक्ष ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश गोराना ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में राजसमंद खंड की चयनित टीमें कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाओं में भाग ले रही हैं। अतिथियों ने उद्घाटन कबड्डी मैच में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबले की शुरुआत करवाई।

### खेलकूद से निखरती है बाल प्रतिभा : विधायक माहेश्वरी

विधायक माहेश्वरी ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। ऐसे आयोजन बाल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताएं इन प्रयासों को मजबूत आधार देती हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। समारोह में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह चारण, नरपत दान कविया, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, पार्षद सुनील माली, विजय बहादुर जैन, जया माली, हिम्मत मेहता, प्रमोद रेगर, पूर्व पार्षद कैलाश निष्कलंक, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुजीत कुमार त्रिपाठी, जिला मंत्री हरिओमसिंह चुण्डावत, राजस्थान शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल करोतिया, खेलकूद संयोजक दिनेश शर्मा एवं ईश्वरसिंह कुंपावत सहित गणमान्य लोग मौजूद थे। मंच संचालन सतीश आचार्य ने

## अजीतगढ़ तालाब पर पुल टूटा कई गांवों का संपर्क कटा

**- पंचायत व प्रशासन की बेपरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश**



जयवर्द्धन न्यूज़

**भीम।** थानेटा व अजीतगढ़ पंचायत की सीमा पर स्थित तालाब का पुल टूटने की वजह से कई गांवों का संपर्क कटा हुआ है। ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है, मगर न तो जनप्रतिनिधि कोई ध्यान दे रहे हैं और न ही जल संसाधन विभाग और प्रशासन ही गंभीर है। इसका खमियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। पुल का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से इस मार्ग पर आवागमन बाधित है।

जानकारी के अनुसार अजीतगढ़ तालाब का पुल वर्ष 2023-24 में भारी बारिश और जलभराव के चलते क्षतिग्रस्त होकर टूट गया था। पुल का एक बड़ा हिस्सा ढह जाने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई, तब से ग्रामीणों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है, जो काफी लंबा, उबड़ खाबड़ और जोखिमभरा है। पुल टूटने से रोजमर्रा के काम के लिए आने-जाने वाले ग्रामीणों के साथ स्कूली छात्र छात्राओं, मरीजों और बुजुर्गों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद से करीब तीन वर्ष से समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ है। इस कारण गांव के लोगों में प्रशासन के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्योंकि ग्रामीणों ने पुल की समस्या को लेकर कई बार अवगत कराया। इसके बावजूद न तो ग्रामीणों की कोई सुनवाई हो पाई और न ही पुल की मरम्मत हो पाई है। पुल टूटने के कारण ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरे रास्तों से होकर जाना पड़ रहा है। इससे दूरी और समय दोनों बढ़ रहे हैं। खासकर आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल ले जाने में ग्रामीणों को परेशानी होती है। पुल टूटा होने से सरीयालीघाटी सहित कई गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है।

## एफआईआर वापसी को लेकर कुमावत समाज का कड़ा रुख

**- 30 सितंबर तक कार्रवाई नहीं हुई तो पशुधन संग जेल भरो आंदोलन की तैयारी**

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** नगर परिषद में सभापति को लेकर हुए प्रदर्शन के बाद दर्ज हुई एफआईआर के मामले में कुमावत समाज ने कड़ा रुख अपनाया है। कुमावत समाज रुणपछोर चौकी संस्थान कांकरोली के तत्वावधान में आयोजित विशेष बैठक में आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज ने चेतावनी दी है कि यदि 30 सितंबर तक दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली गई तो व्यापक स्तर पर जेल भरो आंदोलन शुरू किया जाएगा। मीडिया प्रभारी नरेश कुमावत ने बताया कि गत 19 सितंबर को जिला मुख्यालय पर कुमावत समाज द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन ने 19 प्रमुख लोगों को नामजद करते हुए मामला दर्ज किया था। बैठक में सर्वसम्मति से कहा गया कि प्रशासन द्वारा दर्ज यह एफआईआर केवल 19 व्यक्तियों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के मान-सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा मामला है। प्रशासन को 30 सितंबर तक का अल्टीमेटम देते हुए समाज ने इसी दिन एक विशाल जिला स्तरीय महापंचायत बुलाने का निर्णय लिया है। इस महापंचायत में कानूनी, सामाजिक और आंदोलन से जुड़े कड़े फैसले लिए जाएंगे। बैठक में आगामी पंचायती राज तथा जिला परिषद चुनावों को लेकर समाज की भूमिका और आगे की दिशा पर गहन मंथन किया जाएगा।

### परिवार व पशुधन सहित भागीदारी पर विचार

आंदोलन को ऐतिहासिक और निर्णायक बनाने के लिए बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि यदि एफआईआर निरस्त नहीं होती है, तो समाज का हर परिवार अपने पशुधन के साथ आंदोलन में सहभागिता दर्ज कराएगा। इस अनोखे और अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन के अंतिम स्वरूप की औपचारिक घोषणा 30 सितंबर की महापंचायत में ही की जाएगी। विधायक दीप्ति माहेश्वरी तथा भाजपा जिला संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व समाजजनों के संदर्भ में सामाजिक कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को लेकर भी महापंचायत में सामूहिक निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुंदरलाल दौराया, महामंत्री सुंदर सिंगलवाल, कोषाध्यक्ष मोहन, उदयलाल, रामजी, प्रकाश, सुरेश, गणेश, हरि भगवान, नारायण, नानालाल, सोनू, चंद्रेश, तिलकेश, देवेंद्र, मनोहर, रोहित सहित समाजजन मौजूद थे।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### जिम्मेदार एआई में है मानवता का हित

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई अब केवल विज्ञान कथाओं का हिस्सा नहीं रही है। यह हमारे दैनिक जीवन में पूरी तरह शामिल हो चुकी है। स्मार्टफोन, आनलाइन खरीदारी, चिकित्सा, शिक्षा, बैंकिंग और पुलिस व्यवस्था तक, एआई हमारे जीने और काम करने के तरीके को बदल रही है। जैसे-जैसे एआई तकनीक अधिक शक्तिशाली हो रही है, एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है कि क्या भविष्य में एआई मानव जाति के लिए एक बड़ा खतरा बनेगी?

इसका कोई सीधा जवाब हां या ना में नहीं दिया जा सकता। एआई अपने आप में खतरनाक नहीं है। असली समस्या यह है कि इंसान इसे कैसे विकसित करते हैं, नियंत्रित करते हैं और इसका उपयोग कैसे करते हैं।

कोई भी शक्तिशाली तकनीक अच्छे और बुरे दोनों कामों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। जिस एआई का उपयोग डाक्टर बीमारियों का पता लगाने के लिए करते हैं, उसी का उपयोग गलत लोग नकली और भ्रामक डीपफेक वीडियो बनाने के लिए भी कर सकते हैं।

पुलिस अपराधों को सुलझाने के लिए एआई की मदद ले सकती है, लेकिन अपराधी इसका इस्तेमाल ठगी, फर्जी पहचान और साइबर हमलों के लिए कर सकते हैं। एक बड़ी चिंता एआई प्रणालियों के तेजी से स्वायत्त होने को लेकर है। आज एआई खुद कोड लिख सकती है, बड़े आंकड़ों का विश्लेषण कर सकती है और पैटर्न के आधार पर फैसले ले सकती है। भविष्य में एआई बिना इंसानी देखरेख के और भी जटिल काम करने में सक्षम हो सकती है।

बस बड़ा खतरा यह नहीं है कि एआई अचानक बुरी हो जाएगी, बल्कि असली खतरा इंसानों की लापरवाही है। भविष्य एआई को रोकने के बारे में नहीं है, बल्कि जिम्मेदार एआई बनाने के बारे में है। इसके लिए सरकारों, कंपनियों, विज्ञानियों और आम नागरिकों को मिलकर काम करना होगा।- रक्षित मदान, एआई विशेषज्ञ

यदि इन प्रणालियों को सही तरीके से डिजाइन नहीं किया गया या इन्हें बैंक, हथियार या महत्वपूर्ण ढांचागत सुविधाओं का अनियंत्रित अधिकार दे दिया गया, तो इसके परिणाम बेहद भयानक हो सकते हैं।हाल ही में ऐसे मामले भी देखे गए हैं जहां एआई एजेंटों को बिना किसी रोक-टोक के खाते और पहचान की पहुंच मिलने पर वे नियंत्रण से बाहर होकर वेबसाइटों और प्रणालियों को हैक करने लगे। एक अन्य मुख्य चिंता नौकरियों को लेकर है। एआई लोगों को पूरी तरह से हटा नहीं देगी, लेकिन यह काम करने के तरीकों को बदल देगी।

दोहराव वाले और आसान काम स्वचालित हो जाएंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि हर कोई बेरोजगार हो जाएगा। इतिहास गवाह है कि नई तकनीकें नए अवसर और नए पेशे भी लाती हैं। समाज को यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों को नए कौशल सीखने का मौका मिले। इसके साथ ही झूठी सूचनाओं का प्रसार भी एक बड़ा खतरा है। एआई ऐसी तस्वीरें, वीडियो और आवाजें बना सकती है जो बिल्कुल असली लगती हैं।

जरा सोचिए कि किसी राजनेता का फर्जी वीडियो या किसी पारिवारिक सदस्य की नकली आवाज में पैसों की मांग करने वाला फोन कितना नुकसान पहुंचा सकता है। इससे समाज में एक-दूसरे पर भरोसा कम हो सकता है। लेकिन सबसे बड़ा खतरा यह नहीं है कि एआई अचानक बुरी हो जाएगी, बल्कि असली खतरा इंसानों की लापरवाही है।

भविष्य एआई को रोकने के बारे में नहीं है, बल्कि जिम्मेदार एआई बनाने के बारे में है। इसके लिए सरकारों, कंपनियों, विज्ञानियों और आम नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। हमें कड़े सुरक्षा नियम, पारदर्शिता और इंसानी देखरेख की आवश्यकता है।

## कुंभलगढ़ क्षेत्र में कुएं से रहट का माल व डिब्बे चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

### चोरी का सामान बरामद

**कुंभलगढ़।** पुलिस थाना केलवाड़ा क्षेत्र के कांकरवा गांव में कुएं से रहट का लोहे का माल और 30-40 डिब्बे चोरी करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। गत 23 सितंबर 2026 को प्रार्थी सोहनसिंह (47) पुत्र पृथ्वीसिंह खरवड़ निवासी कांकरवा (शीमाई की भागल) हरिओम निवास थाना केलवाड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि कांकरवा के शीमाई की भागल स्थित उनके सामूहिक कुएं पर रहट लगी हुई थी, जहां से चोरों ने रहट की लोहे की माला और पानी निकालने वाले करीब 30 से 40 डिब्बे चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। एसपी हेमंत कलाल, एएसपी महेंद्र पारीक एवं वृताधिकारी कुंभलगढ़ जितेंद्रसिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाधिकारी तेजकरणसिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने आसूचना संकलन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त राजेंद्रसिंह उर्फ राजूसिंह (21) पुत्र शंकरसिंह खरवड़ राजपूत निवासी शीमाई की भागल (कांकरवा, थाना केलवाड़ा) को धर दबोचा। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया रहट का लोहे का माल व डिब्बे बरामद कर लिए हैं। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। वारदात का पर्दाफाश करने वाली टीम में केलवाड़ा थानाधिकारी तेजकरणसिंह, हेड कांस्टेबल जोधाराम, कांस्टेबल रामरूप, रामस्वरूप तथा कैलाश चंद शामिल थे।

## श्री द्वारकाधीश मंदिर में अहीर समाज द्वारा धूमधाम से आयोजित हुआ नंदोत्सव

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के प्रभु श्री द्वारकाधीश मंदिर में अहीर समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नंदोत्सव महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण दही, माखन और मिश्री की छटा के बीच गोकुल एवं वृंदावन धाम जैसा भक्तिमय नजर आया। महोत्सव पर अहीर समाज के युवाओं, महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण और प्रभु द्वारकाधीश जी के भजनों पर जमकर नृत्य किया। अहीरानियों द्वारा सिर पर मटकियां लेकर किए गए पारंपारिक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। युवाओं ने उत्साह के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प्रभु द्वारकाधीश जी को विशेष रूप से दही-माखन का भोग अर्पित किया गया, जिसके पश्चात सभी भक्तों में माखन-मिश्री का महाप्रसाद वितरित किया गया। अहीर समाज के अध्यक्ष लेहरूलाल अहीर ने बताया कि अहीर समाज गिर्वा चौकी द्वारा आयोजित इस नंदोत्सव कार्यक्रम के तहत मंदिर को प्राकृतिक स्वरूप में सजाया गया था। समाज द्वारा पूरे दिन का मनोरथ आयोजित किया गया तथा प्रभु के चरणों में देश-प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए अर्जी लगाई गई। इस आयोजन में पीपली अहीरान, लक्ष्मीपुरा, सुरावास, पेमाखेड़ा, मेघाखेड़ा, कुरज, सकरावास, मदारा, पीपली डोडियान, फूंकिया, सथाना, लदानी और मेणिया सहित दर्जनों गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और महाप्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदित्यप्रताप सिंह चौहान, अहीर समाज गिर्वा चौकी के सचिव लोभचंद अहीर, कोषाध्यक्ष लोभचंद पीपली, लक्ष्मण अहीर, दुर्गा प्रसाद यादव, महेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, कालू अहीर, चतुर्भुज अहीर, मुकेश अहीर, बंदीलाल अहीर, नानालाल अहीर, सुखलाल अहीर सहित समाजजन मौजूद थे।

## ऑरेंज काउंटी स्कूल में 35वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता संपन्नए कोयल स्कूल बना जनरल चैंपियन

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** ऑरेंज काउंटी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय 35वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्र-छात्रा प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चार दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अंडर-17 छात्र वर्ग में सुभाष पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं अंडर-17 छात्रा वर्ग में राउमावि कोयल प्रथम स्थान पर रहा। इसी प्रकार अंडर-19 छात्र वर्ग में सोफिया पब्लिक स्कूल भावा ने बाजी मारी जबकि अंडर-19 छात्रा वर्ग में राउमावि कोयल ने पहला स्थान प्राप्त किया। पूरी प्रतियोगिता में ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर राउमावि कोयल, कुम्भलगढ़ ने जनरल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान व्यक्तिगत वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बेस्ट रोलर स्केटर के रूप में चुना गया। इनमें अंडर-17 छात्र वर्ग में पीयूष कुमावत, सुभाष पब्लिक स्कूल अंडर-17 छात्रा वर्ग में निधि सुथार राउमावि कोयल अंडर-19 छात्र वर्ग में अंकित जाट सोफिया पब्लिक स्कूल भावा तथा अंडर-19 छात्रा वर्ग में अंकिता जाट सोफिया पब्लिक स्कूल भावा शामिल रहे। समापन समारोह संस्था प्रधान एवं अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों टीमों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आत्मीय भाव से मनाया क्षमावाणी पर्व, हुआ वार्षिक कलश अभिषेक

**- दिगम्बर जैन समाज का दशलक्षण महापर्व सम्पन्न - वरिष्ठजनों, मेधावी विद्यार्थियों व तपस्वियों सम्मान**

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व के आखरी दौर में रविवार को क्षमावाणी पर्व पूरे उत्साह से मनाया गया जहां धर्मावलम्बियों ने जाने-अनजाने में हुई भूल या गलती के लिए आपस में क्षमायाचना का भाव प्रकट किया। शहर स्थित श्री शांतिनाथ मंदिर में क्षमावाणी पर्व के उपलक्ष्य में शाम को वार्षिक कलशाभिषेक हुआ। समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन सहित वरिष्ठजनों की उपस्थिति में पं आयुष जैन ने मंत्रोच्चार के बीच उक्त विशेष पूजा विधान सम्पन्न कराया। इसमें समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक हिस्सा लेकर शांतिनाथ भगवान के अभिषेक का धर्मलाभ प्राप्त किया। इसी क्रम में अन्य अनुष्ठान भी हुए जिसके बाद शांतिनाथ भगवान की महाआरती हुई। बाद में मंदिर स्थित भवन में क्षमावाणी कार्यक्रम हुआ जिसमें उपस्थित समाजजनों ने वर्ष पर्यन्त ज्ञान अथवा अज्ञानवश हुई भूल, गलती अथवा मन, वचन व कर्म से हुए कष्ट के लिए जैन धर्म अनुसार एक-दूसरे के प्रति क्षमायाचना का भाव जताया। इस दौरान वहां आपसी प्रेम, भाईचारा व सौहार्द का वातावरण बन गया जिससे सभी को सुखद अनुभूति हुई। अंत में समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन ने पर्युषण पर्व सानंद सम्पन्न होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए 12 दिनों तक चले आयोजन में सहयोग के लिए समाजजनों का आभार जताया। इससे पूर्व शनिवार रात्रि को मुकुल जैन के मुख्य आतिथ्य, समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन की अध्यक्षता एवं कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में सम्मान व पारितोषिक वितरण समारोह हुआ। महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि समारोह में पर्युषण अन्तर्गत हुई विभिन धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियो में चुने गए श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किए गए वहीं उक्त गतिविधियों का दायित्व सम्भालने वाले सदस्यों को भी नवाजा गया। इस दौरान विभिन्न परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के मेधावी विद्यार्थियों अणिका जैन, गुणिष्का, नियम, विधि, विभा, हितेश, रिद्धि, जयेश, जिया, मयंक व सम्यक जैन को पुरस्कृत किया गया। समाज के वयोवृद्ध श्रावक हरीशचन्द्र जैन, पुष्पा देवी, जतन देवी, सुशीला सेठी, विभूति बंडी आदि को सम्मानित किया गया। साथ ही समाजजनों ने पर्व अन्तर्गत व्रत, उपवास करने वाले तपस्वियों की तप अनुमोदना भी की। इसमें मुकेश जैन के दशलक्षण तप करने एवं प्रशांत लुहाड़िया के इन्दौर में जैन संस्कार शिविर में हिस्सा लेने पर सम्मान किया गया। अंत में महामंत्री सुनील जैन ने धन्यवाद व्यक्त किया।

## राज्य स्तरीय रग्बी फटबॉल प्रतियोगिता के लिए राजसमंद टीम रवाना

**- मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर बस को किया रवाना**

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम चरण की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये जिले की रग्बी टीम रवाना हो गयी है। नितिन तिवारी ने बताया कि जिले की 17/19वर्ष वर्ग की छात्र-छात्रा टीम राउमावि भाट खोडों सिरोही में 28 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो गयी है। टीम को जिला मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नूतन प्रकाश जोशी ने बस को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। जोशी ने कहा कि रग्बी खेल में जिले ने बहुत कम समय मे राजस्थान में अपनी पहचान बना ली है। उन्होंने कहा कि सभी टीम अपनी तरफ से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें। साथ ही उन्होंने बताया कि अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए खिलाडी मैदान में खेले जिससे किसी प्रकार की चोट से बचा जा सके। इस अवसर पर खिलाड़ियों को किट वितरण किये गए।

इस दौरान इंद्र देव आचार्य, हनुमंतसिंह, कुलदीपसिंह राजावत, नरेश कुमार सैनी, सुभाष सैनी, रिंकू शर्मा, पूनम शर्मा, चैनसिंह, गिरधारीसिंह, गोविंदसिंह, प्रवीणसिंह व रमेश कुमार मौजूद थे।

# ऑपरेशन त्रिनेत्रः नार्को टिप हेल्पलाइन की शिकायत पर रेलमगरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## - 3.312 किग्रा अवैध गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

**रेलमगरा।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत नार्को टिप हेल्पलाइन पर मिली शिकायत पर रेलमगरा पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने खेत में छिपाकर रखा गया 3.312 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज एवं जिला एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रभावी नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी महेंद्र कुमार पारीक एवं वृत्ताधिकारी नाथद्वारा शिप्रा राजावत के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रवीण जुगतावत तथा जिला विशेष टीम प्रभारी केसराम उप-निरीक्षक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। सूचना संकलन के दौरान पुलिस टीम ने मऊ रोड मोरा गांव की सरहद पर दबिश देकर आरोपी राजेश (29) पुत्र नानालाल रैगर निवासी छोटा रैगर मोहल्ला रेलमगरा के खेत की तलाशी ली। तलाशी के दौरान खेत की पाल पर बनी टापरी के नीचे घास-फूस की बोरियों में छिपाकर रखा गया 3.312 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने नियमानुसार गांजे को जब्त कर आरोपी राजेश रैगर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना रेलमगरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले का अग्रिम अनुसंधान कांकरोली थाना के उप-निरीक्षक कैलाशचंद्र पालीवाल द्वारा किया जा रहा है। कार्रवाई में रेलमगरा थानाधिकारी प्रवीण जुगतावत, डीएसटी प्रभारी केसराम, सहायक उप-निरीक्षक देवीलाल, कांस्टेबल पुखराज, मूलाराम, जैनकुमार, अर्जुनलाल, चालक कांस्टेबल रतनलाल तथा डीएसटी से हेड कांस्टेबल अरविंद, विजयसिंह, कांस्टेबल रामकिशोर, रमेश एवं धारासिंह शामिल थे।

# सरकारी स्कूल और हिंदी माध्यम कमजोरी नहीं, सही दिशा से संवरेगा भविष्य : जीतेंद्र सिंह

## - कागमदारड़ा स्कूल में करियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित

जयवर्द्धन न्यूज़




**राजसमंद।** आपकी शुरुआत कहां से हुई, यह महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि आप जीवन और करियर में कहां पहुंचना चाहते हैं, यह मायने रखता है। यह प्रेरक विचार पीएमश्री राउमावि कागमदारड़ा में आयोजित करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम के दौरान करियर कोच एवं जेएस ग्लोबल के फाउंडर जीतेंद्रसिंह ने व्यक्त किए। करियर कोच सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सरकारी स्कूल, हिंदी माध्यम या कमजोर आर्थिक स्थिति सफलता की राह में कभी बाधा नहीं बन सकती। कड़ी मेहनत, लगन और सही दिशा ही आपका भविष्य तय करती है। उन्होंने विज्ञान, वाणिज्य, ह्यूमैनिटीज, कृषि, टेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष विज्ञान, शिक्षण, पायलट और उद्यमिता जैसे तेजी से उभरते विभिन्न क्षेत्रों और करियर विकल्पों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होने विद्यार्थियों को सलाह दी कि 10वीं के बाद विषय और 12वीं के बाद करियर का चुनाव किसी के दबाव या भेड़चाल में आकर न करें। विषय का चयन हमेशा अपनी रुचि, क्षमता और व्यक्तिगत कौशल के आधार पर ही करना चाहिए। उन्होंने वर्तमान दौर में बदलती तकनीक के महत्व पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से नई तकनीक सीखने और अपने कौशल को निरंतर अपग्रेड करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की प्रधानाचार्य स्वर्णलता श्रीमाली ने अतिथियों के स्वागत से किया। मंच संचालन योगेंद्र पंवार ने किया, वहीं अंत में शारीरिक शिक्षक विक्रमसिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय का शिक्षकों सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

# एमडी की प्रियंका गुर्जर व दिशा कुमावत करेंगी राजसमंद का प्रतिनिधित्व

## - राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती राउमावि एमडी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी छात्रा प्रियंका गुर्जर और दिशा कुमावत का चयन राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों बालिकाएं प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार को अपनी टीम के साथ जोधपुर के लिए रवाना हो गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु कुमार वैष्णव ने बताया कि हाल ही में आयोजित 35वीं जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला टीम में अपना स्थान पक्का किया। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक धर्मेंद्र अनोखा के अनुसार सत्र 2026-27 की जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता द क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी में आयोजित हुई थी। टीम प्रभारी ललिता लोहार के नेतृत्व में 17 वर्ष आयु वर्ग में दिशा कुमावत, प्रियंका गुर्जर, ट्विंकल राव, माया सालवी और कुमुद कीर ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था। शानदार खेल के आधार पर इनमें से प्रियंका गुर्जर और दिशा कुमावत का चयन राज्य स्तर पर हुआ। शिक्षक अनोखा ने बताया कि 70वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सोमवार से राजकीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुलिस लाइन जोधपुर में आयोजित होगी। इसमें जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए दोनों बालिकाएं रविवार को टीम के साथ रवाना हुईं। यह टीम दल प्रभारी भावना डांगी, द क्रिएटिव ब्रेन एकेडमी के भविष्य पुरी और टीम प्रशिक्षक पप्पा राम चौहान (राउमावि विप्रासा) के मार्गदर्शन व नेतृत्व में अपना प्रदर्शन करेगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर कौशल चंद्र सनाढ्य, गोपाल कुमावत, निशा जांगिड़, मंजू वैष्णव, शांति शर्मा, लता शर्मा, मंजू बाला, मोहनलाल, मनोज महरिया, पूर्णिमा राजपूत, राजूलाल, सरिता मोरवाल, सुमनलता लाहोटी, सुशीलासिंह दिलखुश, सोनाली शक्तावत, प्रकाशचंद्र कुमावत, गोपीलाल गुर्जर एवं निशा कुमावत सहित ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया।

# मनुष्य को माया के प्रभाव से मुक्त होने की प्रेरणा देती है भक्ति

## - कीर्तन में भाव-विभोर हुए आनंदमार्गी साधक

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** आनंदमार्ग की ओर से शहर के सौ फिट रोड स्थित आनंद राज कुटीर में रविवार को अखंड कीर्तन हुआ जिसमें साधको ने तीन घंटे तक अखंड कीर्तन कर परिवेश को धर्ममय बना दिया। शुरुआत में आचार्य गोपमयानंद अवधूत व जया खिलनानी ने मार्ग गुरूदेव आनंदमूर्ति रचित प्रभात संगीत गायन किया। इसके बाद अवधूतिका सुमंत्रा दीदी, दिव्या, सुषमा व आनंदमयी के नेतृत्व में साधकों ने परमात्मा का नाम ही सब कुछ है... के भाव में भाव विभोर होकर अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम किया। सभी साधक साधिकाओं ने कीर्तन कर वातावरण को मधुमय बना दिया। चरम निर्देश में सभी ने यम-नियम पालन का संकल्प लिया। अपने उद्बोधन में गोपमयानंद अवधूत ने कहा कि महामाया के बंधन से मुक्ति का मार्ग भक्ति है। उन्हांने कहा कि मनुष्य का जीवन अनेक प्रकार के आकर्षण, इच्छाओं व मोह से घिरा हुआ है। सांसारिक सुख-सुविधाओं, धन, पद-प्रतिष्ठा आदि नश्वर होते हुए भी जब मनुष्य इन्हीं को जीवन का अंतिम सत्य मान लेता है तब वह महामाया के प्रभाव में बंधता चला जाता है।

महामाया मनुष्य को बाहरी संसार के आकर्षण में उलझाकर उसके वास्तविक आध्यात्मिक स्वरूप को भुला देती है। आध्यात्मिक दृष्टि से भक्ति वह साधना है, जो मनुष्य को महामाया के प्रभाव से ऊपर उठने की प्रेरणा देती है।

अंत में आनन्दमयी ने मार्ग गुरुदेव से जुड़े संस्मरण सुनाए। इस दौरान दिव्या, जया खिलनानी, सुषमा दीदी, अनुपम खिलनानी, रेखा गुर्जर, रामेश्वर गुर्जर, शिवम सहित अन्य साधक मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्ल ग्रेस एकेडमी भाणा की टीम ने मारी बाजी, जीता जिला स्तरीय हॉकी का खिताब

#### - मोर्रा की छात्रा टीम ने प्राप्त किया प्रथम स्थान, विजेता खिलाड़ी पारितोषिक से सम्मानित



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** पर्ल ग्रेस एकेडमी भाणा के तत्वावधान में आयोजित 35वीं जिला स्तरीय उप्रावि खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाणा प्रशासक नोकलाल कुमावत थे। जबकि अध्यक्षता महात्मा गांधी राप्रावि कुंवारिया के प्राचार्य आशुतोष ने की। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के छात्र वर्ग की हॉकी स्पर्धा में आयोजक पर्ल ग्रेस एकेडमी भाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर खिताब पर कब्जा जमाया, वहीं राउमावि कुंवारिया की टीम द्वितीय एवं राउमावि छाप्पर खेड़ी की टीम तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह छात्रा वर्ग में राउमावि मोर्रा की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि राउमावि डुलियाना की टीम द्वितीय तथा पर्ल ग्रेस एकेडमी भाणा की टीम तृतीय स्थान पर रही। समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को पारितोषिक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिताः एलपीएस स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** कांकरोली स्थित लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल में आयोजित 35वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का समापन समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों के खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मरक्षा कौशल और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर-17 छात्र व छात्रा वर्ग में लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल ने 16 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब हासिल किया। वहीं राउमावि सांगठकला 14 अंक अर्जित कर उपविजेता रहा। अंडर-19 छात्र व छात्रा वर्ग में लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल 5 अंकों के साथ विजेता रहा, जबकि राउमावि देवड़ागुड़ा की टीम उपविजेता बनी। विद्यालय के कोच संदीप शर्मा के अनुसार अंडर-17 बालक वर्ग में रक्षित सिंघवी 54 (किग्रा), हृदय जोशी (66 किग्रा) और अरण्य मिश्रा (70 किग्रा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में काश्वी शर्मा (60 किग्रा) ने प्रथम, जबकि चार्वी शक्ति सिंह (44 किग्रा) एवं अंजली चौधरी (60 किग्रा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में एंजल जांगिड़ (52 किग्रा), दिव्या सामर (56 किग्रा), चार्वी गारू (60 किग्रा), सिद्धि तातेड़ जैन (64 किग्रा), किंजल चौधरी (68 किग्रा) तथा अक्षरा शर्मा (60 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय अभिषेक ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कराटे जैसी खेल स्पर्धाएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग और कोच संदीप कुमार शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

### रेडक्रॉस स्टेट जनरल सेक्रेटरी जगदीश जिंदल का राजसमंद में स्वागत



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राजस्थान स्टेट ब्रांच के जनरल सेक्रेटरी जगदीश जिंदल के अल्प प्रवास पर राजसमंद आगमन पर रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा उनका भावभीना स्वागत-अभिनंदन किया गया। रेडक्रॉस के प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि जगदीश जिंदल के राजसमंद पहुंचने पर सदस्यों ने उनका परंपरानुसार उपरणा ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान रेडक्रॉस की जिला शाखा द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे विभिन्न मानवीय सेवा कार्यों, राहत गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। स्वागत कार्यक्रम के दौरान मानद सचिव बृजलाल कुमावत, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, महिला विंग संयोजक मोनिका गोयल, महेश आचार्य, लीलेश खत्री, हर्षवर्धनसिंह भाटी, ममतासिंह, बबिता गोयल, सरिता मित्तल एवं गोपाललाल सरगरा सहित रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

## राज्यावास के आठ फुटबॉल खिलाड़ी चमकेंगे राज्य स्तर पर



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** 35वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा फुटबॉल प्रतियोगिता में राउमावि राज्यावास के आठ खिलाड़ियों का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। प्राध्यापक तुलसीराम सालवी ने बताया कि सत्रह वर्ष छात्र वर्ग में लविश सालवी, उन्नीस वर्ष छात्र वर्ग में अरुण रेगर व कुलदीप खारोल, सत्रह वर्ष छात्रा वर्ग में धनी बंजारा व कोमल गाडरी तथा उन्नीस वर्ष छात्रा वर्ग में किरण बंजारा, दीपिका तेली व नेतल बंजारा का चयन हुआ। ये सभी खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के चयन से विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार आचार्य के नेतृत्व व ग्रामवासियों की मेजबानी में हाल ही में प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एकता गर्ग, मुरली मनोहर सालवी, शारीरिक शिक्षिका सीमा अहीर सहित ग्रामवासियों ने बेहतर प्रदर्शन के लिए हर्ष व्यक्त किया।

## वंदेमातरम् आजादी के आंदोलन का महामंत्र

### - अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने वंदेमातरम् के 150 वर्ष पर की विचार गोष्ठी आयोजित




जयवर्द्धन न्यूज़

राजसमंद। अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजसमंद ने वंदेमातरम् गीत की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक विचार गोष्ठी और काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को विवेकानंद राउप्रावि सूरजपोल के सभागार में किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता गोविंद औदिच्य ने की जबकि कमलेश जोशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। परिषद के जिला मंत्री सूर्यप्रकाश दीक्षित ने सभी का स्वागत करते हुए वंदे मातरम का हिंदी रूपांतरण करते हुए इसके महत्व को बताया। मुख्य वक्ता एडवोकेट ललित साहू ने बंकिम चंद्र चटर्जी के आनंद मठ उपन्यास से संकलित इस गीत को देश की आजादी के आंदोलन में योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में यह गीत और नारा स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरक साबित हुआ जिसके उदघोष से कई क्रांतिकारियों ने देश हित में अपना बलिदान किया। साहित्य परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष कवि सतीश आचार्य ने वंदेमातरम के हिंदी रूपांतरण पर चर्चा करते हुए कहा कि यह महज कुछ शब्दों का समुच्चय ना होकर भारत माता की वंदना है जिसमें भारत को मां मानकर उसकी वंदना की गई है मगर यह देश का दुर्भाग्य रहा कि इस महामंत्र को मजहब के तराजू में तोला गया और तुष्टिकरण के चलते वर्ग विशेष के विरोध के कारण इसके खंडित स्वरूप को स्वीकार किया गया जो उचित नहीं है। कोई भी मजहब देश से बड़ा नहीं हो सकता वर्तमान सरकार ने पूर्ण वंदेमातरम को अनिवार्य करते हुए इसके खोये हुए सम्मान को लौटाया है। विचार गोष्ठी में गोविंद औदिच्य राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण, रामगोपाल आचार्य, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ खंड अध्यक्ष विनोद आचार्य, कमलेश जोशी, कवि गौरव पालीवाल, विकेश पहाड़िया सुरीला सहित साहित्यकार मौजूद थे।

## जिला न्यायाधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

### - किशोरों को शिक्षा और अनुशासन की दी सीख



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय स्थित देवथड़ी में संचालित बाल संप्रेक्षण गृह एवं किशोर न्याय बोर्ड का जिला एवं सेशन न्यायाधीश (अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) अलका शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गृह में निरुद्ध बालकों को अनुशासित दिनचर्या अपनाने, रचनात्मक कार्यों से जुड़ने तथा एक बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) भारत भूषण पाठक ने बताया कि जिला न्यायाधीश शर्मा ने संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के दौरान वहां रह रहे सभी बालकों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता की। उन्होंने बालकों को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने, नियमित पढ़ाई करने, अच्छी पुस्तकें पढ़ने तथा दैनिक दिनचर्या के अनुसार योग व व्यायाम करने की सीख दी। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि सभी निरुद्ध बालकों के विधिक प्रकरणों में अधिवक्ता नियुक्त किए जा चुके हैं और उनकी जमानत के आवेदन पत्र भी प्रस्तुत कर दिए गए हैं। बालकों के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी लेने पर बताया गया कि गत 3 सितंबर 2026 को चिकित्सक द्वारा सभी बालकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था।

# रेसा-पी का जिला शैक्षिक अधिवेशन संपन्नः विधायक माहेश्वरी ने प्रधानाचार्यों से किया सीधा संवाद

### - समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद रेसा-पी का जिला शैक्षिक अधिवेशन रविवार को पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय राजनगर के उद्बोधन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक माहेश्वरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद चेयरमैन अनीता पालीवाल, पार्षद जय माली एवं हिम्मत मेहता मौजूद थे। अधिवेशन की अध्यक्षता रेसा-पी जिलाध्यक्ष एवं डाइट उपाचार्य राजेंद्र कुमार हेड़ा ने की। कार्यक्रम में रेसा-पी जिलाध्यक्ष राजेंद्र हेड़ा ने प्रधानाचार्यों की विभिन्न मांगों व समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। उन्होंने वर्ष 2015 से पदोन्नति तिथि अंकन, विद्यालयों में रिक्त पदों को भरने, अध्यापक लेवल-1 की भर्ती में स्थानीय जिले के शिक्षकों को वरीयता देने, वर्ष 2022 में क्रमोन्नत हुए विद्यालयों में स्वीकृत पद सृजित कराने, गैर-शैक्षणिक कार्यों का दबाव कम करने तथा अधिकांश सूचनाएं शाला दर्पण के माध्यम से ही लेने जैसे प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। विधायक माहेश्वरी ने प्रधानाचार्यों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर सीधा संवाद करते हुए उनका समाधानपरक जवाब दिया, जिससे उपस्थित सभी संस्था प्रधान संतुष्ट नजर आए। जिले के शैक्षिक सम्मेलन में विधायक के साथ हुए इस नवाचारी और सीधे संवाद कार्यक्रम की सभी प्रधानाचार्यों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान विधायक ने आश्वासन दिया कि वे संस्था प्रधानों की इन जायज मांगों को विधानसभा और शिक्षा मंत्री तक प्रमुखता से पहुंचाएंगी। उन्होंने कहा राजसमंद के शिक्षक मेरे परिवार के सदस्य हैं, उनकी समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं। शिक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विषयों पर किया विचार-विमर्श

अधिवेशन के खुले सत्र में एसीबीईओ देवगढ़ अमरसिंह कच्छावा, पीएमश्री विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश काहाल्या, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रदीप पालीवाल, कार्यवाहक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश गोराणा तथा मदारिया विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सोनी ने शिक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। अधिवेशन में जिले भर से 65 रेसा-पी प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। इस दौरान भवानीसिंह राव, नरपतदान, लीना भट्ट, इंदिरा परेवा, नीतू शर्मा, सीमा गहलोत, भावना पालीवाल, सुषमा आचार्य, रेणु वशिष्ठ, पंकज सनाढ्य, नरेंद्र महात्मा, भूपेंद्र लड्ढा, घनश्याम राठौड़, लीला कुंवर चौहान, सुरेश जोशी, सुरेश पानेरी, प्रवीण पहाड़िया, राजकुमार आमेटा, निर्भय सिंह, मन्नालाल भाट सहित जिले के सभी ब्लॉकों के प्रधानाचार्य मौजूद थे। संचालन सिहाड़ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश नैनावा ने किया। अंत में रेसा-पी के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जितेंद्र सनाढ्य ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने देलवाड़ा में महिलाओं की सुनीं समस्याएं

### - त्वरित समाधान का दिया आश्वासन



जयवर्द्धन न्यूज़

**देलवाड़ा।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने रविवार को देलवाड़ा कस्बे के नए बाजार स्थित यादव समाज के भैरव मंदिर प्रांगण में महिला जनसुनवाई आयोजित कर क्षेत्र की महिलाओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनकी हर जायज समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद ने महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों एवं संगठनों द्वारा कपड़े पर किए जा रहे हस्तशिल्प कार्यों का अवलोकन किया तथा उनके व्यवसाय में आ रही बाधाओं को दूर करने का भरोसा दिलाया। जनसुनवाई के दौरान स्थानीय महिलाओं ने रोडवेज बसों के मुख्य बस स्टैंड पर न आकर सीधे बाईपास से निकल जाने की गंभीर समस्या से सांसद को अवगत कराया, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने इस समस्या का संज्ञान लेते हुए शीघ्र ही रोडवेज बसों का ठहराव बस स्टैंड पर सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर यादव मोहल्ले की महिलाओं ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ सांसद मेवाड़ का पुष्पमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व उपसरपंच छोटूलाल यादव, सौरभ यादव एवं मंडल अध्यक्ष जितेंद्रसिंह राणावत ने भी महिला सशक्तिकरण और क्षेत्रीय विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के पश्चात सांसद ने देलवाड़ा स्थित ऐतिहासिक सांवलिया पार्श्वनाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया तथा मंदिर की अनुपम नक्काशी व स्थापत्य कला की सराहना की। इस दौरान सुमेरसिंह झाला, रेलमगरा मंडल अध्यक्ष अंबालाल, नरेंद्रसिंह, नटराजसिंह, महामंत्री शंकरसिंह, कविता छाजेड़, रतन रेबारी, भूरदास वैष्णव, बजरंग प्रसाद शर्मा, प्रवीण पालीवाल, प्रवीण आचार्य, महावीर प्रसाद शर्मा, संजय औदीच्य एवं जितेंद्र छाजेड़ सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे। संचालन सौरभ यादव ने किया।

## श्राद्ध पक्ष में करें औषधि दान, स्वस्थ समाज का निर्माण ही पूर्वजों को सच्ची श्रद्धांजलि

### - आयुर्वेद विशेषज्ञों का संदेश


जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** भारतीय संस्कृति में श्राद्ध पक्ष पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मरण का विशेष अवसर माना जाता है। इस दौरान अन्न, वस्त्र और गौसेवा के साथ-साथ अब स्वास्थ्य संरक्षण को भी दान की परंपरा से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है। अन्न और वस्त्र दान के साथ ही औषधि दान किसी जरूरतमंद के स्वास्थ्य की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को औषधि उपलब्ध कराना केवल सहायता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और जनसेवा का अनूठा उदाहरण है। आयुर्वेद की मूल भावना भी स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के रोग का शमन करना है। औषधि दान करते समय चिकित्सक की सलाह लेकर ही मानक, सुरक्षित और वैध अवधि वाली औषधियों का वितरण किया जाना चाहिए। इनमें अविपत्तिकर चूर्ण, हींगवाष्टक चूर्ण, सितोपलादि चूर्ण, हरितकी चूर्ण, महासुदर्शन घनवटी, योगराज गुग्गुलु और लक्ष्मी विलास रस जैसी उपयोगी औषधियां शामिल हैं। साथ ही इनके सेवन की विधि, मात्रा और सावधानियों की जानकारी देना भी अनिवार्य है। इसके लिए राजसमंद मुख्यालय पर राजकीय आयुर्वेद औषधालय कांकरोली के प्रभारी डॉ विनोद सैनी एवं नाथद्वारा उपखंड पर आयुर्वेद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ दीप्ति शाह से संपर्क किया जा सकता है। परिवार अपने पूर्वजों की स्मृति में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन कर सकते हैं। सामाजिक संस्थाएं और सक्षम नागरिक जरूरतमंदों को चिकित्सीय परामर्श व दवाइयां उपलब्ध कराने में सहयोग कर सकते हैं। इस प्रकार श्राद्ध पक्ष में औषधि दान को अपनाकर समाज के जरूरतमंदों तक उपचार पहुंचाना ही पूर्वजों के प्रति सच्ची सेवा और श्रद्धांजलि होगी।

## नाथद्वारा की बेटी यामिनी पुरोहित को टैरो ज्योतिष में डॉक्टरेट की उपाधि

जयवर्द्धन न्यूज़

**नाथद्वारा।** धर्मनगरी नाथद्वारा की प्रतिभाशाली बेटी यामिनी पुरोहित ने टैरो ज्योतिष के क्षेत्र में अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि हासिल की है। उदयपुर स्थित महर्षि कॉलेज ऑफ वैदिक एस्ट्रोलॉजी द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्वानों, गुरुजनों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई। यामिनी पुरोहित ने अपना शोध प्रबंध टैरो ज्योतिष से विभिन्न बाधाओं का निदान विषय पर प्रस्तुत किया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ रिद्धि साहू के मार्गदर्शन में निष्ठा और अनुशासन के साथ पूरा किया। अपने शोध में उन्होंने टैरो कार्ड्स के माध्यम से मानव जीवन में आने वाली विविध समस्याओं, बाधाओं की सटीक पहचान तथा उनके व्यावहारिक समाधानों से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन किया है। दीक्षांत समारोह में उपस्थित विषय विशेषज्ञों एवं अतिथियों ने उनके इस नवाचारी शोध कार्य की सराहना की तथा उन्हें औपचारिक रूप से डॉक्टर की उपाधि से विभूषित किया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।